गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

अन्वेषण एवं उत्पादन हेतु गेल द्वारा अनुभवी पेशेवरों को आमंत्रण

गेल (इंडिया) लिमिटेड, सार्वजनिक क्षेत्र की एक महारत्न तथा भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी है जो प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला (अन्वेषण एवं उत्पादन, प्रोसेसिंग, संचरण, वितरण एवं विपणन सहित) के समस्त पहलुओं तथा इससे संबंधित सेवाओं को एकीकृत कर रही है। गेल अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए अपने कारोबार में विस्तार भी कर रहा है। वर्तमान मे गेल कंसोर्शियम भागीदार के रूप में राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय रूप से प्रतिष्ठित तेल और गैस की कंपनियों में कुल 11 अन्वेषण और उत्पादन ब्लॉक (02 ओवरसीज़ ब्लॉक सहित) में इक्विटी हिस्सेदार है तथा और अधिक विकास हेतु आत्मविश्वास से पूर्ण है।

गेल (इंडिया) लिमिटेड अन्वेषण एवं उत्पादन व्यवसाय हेतु सलाहकार की सेवाएं प्राप्त करने के लिए जिओलॉजी, जिओफिजिक्स और पेट्रो–फिजिक्स जैसे अध्ययन विषयों पर ऐसे अनुभवी अन्वेषण एवं उत्पादन पेशेवरों की तलाश कर रहा है जिनके पास निम्नानुसार अपेक्षित अर्हता/अनुभव हो :

पद	न्यूनतम अर्हता एवं अनुभव
सलाहकार (जिओलॉजी)	अभ्यर्थी जिओलॉजी/एप्लाइड जिओलॉजी में स्नातकोत्तर हो तथा उसे अर्हता पश्चात अन्वेषण एवं उत्पादन उद्योग में संगत क्षेत्र में 25 वर्ष का कार्यपालक अनुभव हो।
सलाहकार (जिओफिजिक्स)	अभ्यर्थी जिओफिजिक्स/एप्लाइड जिओफिजिक्स/फिजिक्स में स्नातकोत्तर हो तथा उसे अर्हता पश्चात अन्वेषण एवं उत्पादन उद्योग में संगत क्षेत्र में 25 वर्ष का कार्यपालक अनुभव हो।
सलाहकार (पेट्रो–फिजिक्स)	अभ्यर्थी जिओफिजिक्स/एप्लाइड जिओफिजिक्स/फिजिक्स में स्नातकोत्तर हो तथा उसे अर्हता पश्चात अन्वेषण एवं उत्पादन उद्योग में संगत क्षेत्र में 25 वर्ष का कार्यपालक अनुभव हो।

उपर्युक्त पदों के लिए अधिकतम आयु सीमा यथा 08.02.2018 को 65 वर्ष है

उपर्युक्त पेशेवर गेल के विकास में तथा सर्वोत्तम अंतर्राष्ट्रीय कार्य–प्रणाली और व्यापार मॉडल के अनुसार जिओलॉजी, जिओफिजिक्स और पेट्रोफिजिक्स के संबंध में अन्वेषण एवं उत्पादन पोर्टफोलियो को संतुलित करने हेतु सलाह देंगे। सलाहकारों का नियोजन पूर्णकालिक संविदा आधार पर दो वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा जिसे आगे अधिकतम 02 वर्ष की अवधि तक बढ़ाया जा सकेगा।

गेल को उपर्युक्त सलाहकार की सेवाएं देने हेतु इच्छुक अनुभवी पेशेवरों से अनुरोध है कि वे गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के माध्यम से आवेदन करें। आवेदन करने के लिए कृपया गेल वेबसाइट पर "Careers" खंड → Applying to GAIL → Current Opening पर विजिट करें। अन्य किसी प्रकार/माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इस हेतु आवेदन पोर्टल 18.01.2018 को 1100 बजे से 08.02.2018 को 1800 बजे तक खुला रहेगा।

गेल किसी भी आवेदन को अपने विवेक से अस्वीकार/स्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

कॉर्पोरेट पहचान सं. L40200DL1984GOI018976

पंजीकृत कार्यालय: गेल भवन, 16, भीकाएजी कामा प्लेस, नई दिल्ली–110 066,

फोन: 011–26182955, **ई–मेल:** anujluke@gail.co.in

गेल/सलाहकार/ई एंड पी/1/2018

डिजीटल सोचें, डिजीटल बनें

Size: 8x15 cms